DAINIK BHASKAR

# पर्यावरण पर फिल्म फेस्टिवल में राजधानी से 21 का चयन

**नई दिल्ली.** देश-विदेश में पर्यावरण और वन्य जीवों पर आधारित बेहतरीन फिल्मों को पुरस्कृत करने के लिए हर साल होने वाले छठे इंडियन प्रीमियर इनवायरनमेंट एंड वाइल्ड लाइफ फिल्म फेस्टिवल 'सीएमएस वातावरण' में इस बार दिल्ली से नामांकित की गई 21 फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस साल भारतीय श्रेणी में 12 राज्यों से 51 और विदेशी श्रेणी में नौ देशों से 17 फिल्मों को नामांकित किया गया था। इनमें से सबसे ज्यादा चुनी गई फिल्मों की संख्या दिल्ली से रही।

फिल्म फेस्टिवल के प्रवक्ता नरेंद्र यादव ने बताया कि फिल्मों को दस थीमों के आधार पर चुना गया है। इनमें एनिमेशन, बायोडायवर्सिटी, क्लाइमेट चेंज, पर्यावरण, बाल फिल्म, लाइवलीहुड, न्यूकमर, पब्लिक सर्विस इनवायरनमेंट्स, इनवायरमेंट एंड वाइल्ड लाइफ सीरीज और वॉटर फॉर ऑल श्रेणियां शामिल थीं।